दून विश्वविद्यालय, देहरादून

कुलसचिव कार्यालय

विज्ञप्ति

सं0 180/R-DU/2024
दिनांक– 15 मार्च 2024

उच्च शिक्षा विभाग उत्तराखण्ड शासन के पत्र संख्या 170151/XXIV-C-2/04(06)2022 दिनांक 21 नवम्बर 2023 के क्रम में योग के प्रचार–प्रसार एवं सवर्धन सहित विश्वविद्यालय में कार्यरत शिक्षकों, कार्मिकों एवं छात्र छात्राओं तथा निकटवर्ती क्षेत्रों के आम जनमानस को योग के प्रति जागरूक करने एवं उनको योग के नियमित अभ्यास में सहयोग करते हुये योग प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु दून विश्वविद्यालय, देहरादून में योग प्रशिक्षक की तैनाती आउटसोर्स के माध्यम से की जानी है। जिस हेतु अर्ह अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। तैनाती हेतु शर्तें निम्नानुसार हैं–

1. योग प्रशिक्षक की तैनाती आउटसोर्स के माध्यम से नितान्त अस्थायी रूप से 11 माह हेतु की जायेगी। संतोषजनक सेवा होने पर 11 माह के पश्चात नवीन तैनाती में वरीयता प्रदान की जायेगी।
2. योग प्रशिक्षक (ट्रेनर) की दून विश्वविद्यालय में न्यूनतम कार्यावधि 03 घन्टे की होगी जो सामान्य तौर पर नियमित कक्षा संचालन की अवधि से पृथक होगी।
3. योग प्रशिक्षक कुलसचिव द्वारा उपलब्ध करायी गयी समय सारणी एवं निर्देशों के अनुरूप कार्य करते हुये विश्वविद्यालय के शिक्षकों, कार्मिकों, छात्र छात्राओं एवं निकटवर्ती क्षेत्रों के आम जनमानस को योग का नियमित अभ्यास एवं प्रशिक्षण करायेंगे। इसके अलावा विश्वविद्यालय के निकटवर्ती राजकीय एवं निजी विद्यालयों में भी योग का प्रचार–प्रसार एवं जागरूकता का कार्य करेंगे।
4. योग प्रशिक्षक को प्रतिदिवस न्यूनतम रु0 300/– प्रतिवादन एवं प्रतिमाह अधिकतम रु0 18000/– की दर से मानदेय का भुगतान किया जायेगा।
5. योग प्रशिक्षक हेतु न्यूनतम अर्हता का विवरण निम्नानुसार है :–

(क) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से योग/योग विज्ञान/योग चिकित्सा/योग शिक्षा में पी0जी0 (पूर्ण पाठ्यक्रम) या समकक्ष उपाधि।

अथवा

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय अथवा योग शिक्षा में प्रतिष्ठित संस्थान से योग/योग विज्ञान/योग चिकित्सा/योग शिक्षा में पी0जी0 (पूर्ण पाठ्यक्रम) या समकक्ष उपाधि।

(ख) योग शिक्षा में अध्ययन एवं प्रशिक्षण का न्यूनतम 02 वर्ष का अनुभव

योग प्रशिक्षक हेतु स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता दी जायेगी। इच्छुक अभ्यर्थी अपना पूर्ण एवं विस्तृत बायोडेटा दिनांक 30 मार्च 2024 तक कुलसचिव कार्यालय, दून विश्वविद्यालय, मोथरोवाला रोड़, केदारपुर, पो0ऑ0 डिफेन्स कालोनी, देहरादून में डाक या व्यक्तिगत रूप से अथवा **regoffice@doonuniversity.ac.in** पर ईमेल के माध्यम से प्रेषित कर सकते हैं। आवेदन करने वाले समस्त अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 01 अप्रैल 2024 को प्रातः 11 बजे से **Walk-in-Interview** आयोजित किया जायेगा जिसके लिये पृथक से कोई सूचना प्रेषित नहीं की जायेगी। सभी आवेदनकर्ताओं को 01 अप्रैल 2024 को प्रातः 11 बजे Walk-in-Interview हेतु विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में उपस्थित होना है। जो अभ्यर्थी Walk-in-Interview में उपस्थित नहीं होंगे उनके अभ्यर्थन पर विचार नहीं किया जायेगा।

**Sd/-**
कुलसचिव